## न्यूज डायरी

### सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई

खतौली। पटेल जागृति सेवा समिति की ओर से भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। सरदार पटेल के कार्यों को याद किया गया। सेवा समिति के संरक्षक सत्येंद्र आर्य ने बताया कि सरदार पटेल ने गृहमंत्री रहते हुए देश को एकता के सूत्र में बांधा और देश की मजबूत नींव रखी। सुशील गुर्जर ने कहा कि पटेल किसानों के बहुत ही हितैषी थे। उन्होंने अंग्रेजों से लगान को माफ कराया। महाराज सिंह अंतवाडा ने कहा कि सरदार पटेल विचारों के बहुत धनी थे और न्याय प्रिय नेता थे, उनके पुत्र दहिया भाई पटेल और पुत्री मनीबेन ने भी कभी भ्रष्टाचार का साथ नहीं दिया। कार्यक्रम में अमरेश गुर्जर, सुशील आर्य, मास्टर जयपाल सिंह, विनय कुमार, श्याम सिंह, विकास आर्य, लीलू गुर्जर, सोनू गुर्जर शामिल रहे। अध्यक्षता केके भड़ाना एवं संचालन कमल प्रवीण ने किया। संवाद

### एसएसपी ने किया चौकीदारों को सम्मानिंत

छपार। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकीदारों को भी सम्मानित किया। उनसे क्षेत्र में अपराधियों व अपराधों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। सोमवार शाम को एसएसपी थाने पर पहुंचे थे। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क का बारीकी से निरीक्षण किया। साइबर डेस्क, महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी की। महिला पुलिस कर्मी को स्कूल व कालेजों में छेडछाड़ के मददेनजर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। थाने पर 63 विवेचना लम्बित है। कहा कि उनका जल्द ही निस्तारण करें। सीओ सदर डाक्टर रविशंकर मिश्रा भी मौजूद रहे। संवाद

### पुल बनवाने की मांग को लेकर की चर्चा

मुजफ्फरनगर। काली नदी किसान समिति की ओर से खांजापुर स्थित चौधरी सुभाष सैनी के कृषि फार्म पर हुई। इसमें काली नदी घाट के रास्ते पर पुल बनवाने की मांग को लेकर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष विजय कश्यप ने कहा कि किसानों, मजदूरों और अन्य राहगीरों को पुल न होने के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। समिति जिला प्रशासन से मांग करती हैं कि इस समस्या का निवारण किया जाए। बैठक में राधेश्याम कश्यप, नूरजहां बेगम, सोनबीरी, रामकुमार कश्यप, वेद कश्यप, दुर्गेश शामिल हुए। संवाद

### डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा बनाए गए राष्ट्रीय परिषद सदस्य



डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, भाजपा नेता।

मुजफ्फरनगर। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाया है। शहर के सबसे पुराने भाजपा नेताओं में शामिल पूर्व पालिकाध्यक्ष ने राम मंदिर आंदोलन में भी अग्रणी भूमिका निभाई थी। संगठन के कार्यों को लेकर हमेशा शीर्ष नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है। चुनाव के दौरान उन्हें विभिन्न दायित्व दिए जाते रहे हैं। ब्यूरो

### सचिव ने पकड़ी दो प्रतिशत की घटतौली



मंसूरपुर। मंसूरपुर गन्ना समिति के सचिव बृजेश राय और पूर्व अध्यक्ष अरुण बालियान ने तितावी शुगर मिल के क्रय केंद्र कमालपुर और दुल्हैरा के

# आंखों की जांच नहीं होती, हड्डियों के मरीज भी रेफर

**राजपुर कलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं**

**अभियान**
**पीएचसी : राजपुर कलां**

संवाद न्यूज एजेंसी

जानसठ। क्षेत्र के राजपुर कलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को गंभीर बीमारियों का उपचार नहीं मिल रहा है। आंखों के परीक्षण के लिए भी जानसठ की दौड़ लगानी पड़ती है। हड्डियों समेत अन्य गंभीर बीमारियों के मरीज रेफर कर दिए जाते हैं।

वहीं, राजपुर कलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सीएमओ की ओर से लैब टेक्नीशियन की भी नियुक्ति कर दी गई है। राजपुर कलां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पिछले कई माह से किसी चिकित्सक की तैनाती नहीं थी। अब सीएमओ ने यहां डॉ. मोहित कुमार की तैनाती भी कर दी गई है। अस्पताल में फार्मासिस्ट मरदान अली, स्टाफ नर्स शादाब खान के अलावा एक स्वास्थ्य संगिनी और चार आशाओं की तैनाती है। अब अस्पताल में लैब टेक्नीशियन दीपक कुमार की नियुक्ति कर दी गई है। इसके बावजूद भी गंभीर बीमारियों के मरीजों को रेफर कर दिया जाता है।

**अब यहां शुरू कराई जाएगी जांच** : चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहित कुमार का कहना है कि अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की तैनाती हो गई है। सभी जांच होगी। गंभीर बीमारियों की जांच के लिए मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जाता है।




स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते चिकित्सक। संवाद

- ग्रामीण संदीप का कहना है कि गांव के अस्पताल में चिकित्सक की भले ही तैनाती को गई हो, इसके बावजूद गंभीर बीमारियों का इलाज यहां नहीं मिल पाता।
- ग्रामीण राजेंद्र का कहना है कि अस्पताल में आंखों की जांच नहीं होती है। इसके लिए जानसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है।
- ग्रामीण प्रशांत का कहना है कि अस्पताल में हड्डियों का चिकित्सक नहीं है। उपचार के लिए मुजफ्फरनगर या खतौली जाना पड़ता है।

## अरमान ने महिला को प्रेमजाल में फंसाया

कोतवाली देहात। थाना क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर नारायण निवासी अरमान ने खुद को सिद्धार्थ बताकर गुरुग्राम की एक महिला को प्रेमजाल में फंसाकर उसका यौन शोषण किया। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय से जेल भेज दिया गया।

गुरुग्राम निवासी विवाहिता की कुछ दिन पूर्व एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उसने अरमान पर पहचान छिपाकर संबंध बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। रविवार को महिला ने थाना कोतवाली देहात पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। संवाद

# ग्राम सचिवों ने बीडीओ को सौंपी डोंगल, नहीं करेंगे भुगतान

**प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर ग्राम पंचायत अधिकारियों का शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहा**

संवाद न्यूज एजेंसी

खतौली। ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली एवं मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों के विरोध के चलते ग्राम पंचायत अधिकारियों ने बीडीओ को अपनी डोंगल जमा कर दी। ग्राम पंचायत अधिकारी कोई भी सरकारी भुगतान नहीं कराएंगे।

प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर ग्राम पंचायत अधिकारियों का शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहा। अधिकारियों ने अपने निजी वाहन का प्रयोग बंद कर रखा है। इस कारण उन्हें गांवों में पहुंचने के लिए समय लग रहा है। आंदोलनरत ग्राम पंचायत अधिकारियों ने सोमवार को बीडीओ ज्योति बाला चावला को अपनी डोंगल जमा करा दी।

ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान डोंगल से



खतौली में बीडीओ को डोंगल जमा कराते ग्राम पंचायत अधिकारी। संवाद

### पंचायत सचिवों ने एडीओ पंचायत को सौंपे डोंगल

जानसठ। ब्लॉक जानसठ परिसर में बीडीओ कार्यालय के सामने सभी ग्राम पंचायत सचिवों ने प्रदेश सरकार की ओर उनकी मांगों को पूरा नहीं करने के विरोध में एडीओ पंचायत कर्म सिंह को ज्ञापन के साथ अपने-अपने डीएससी (डोंगल) को सामूहिक रूप से सौंपे। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर पिछले एक दिसंबर से ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली सहित मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों के विरोध में धरना जारी है। ग्राम पंचायत सचिवों की कोई भी मांग अभी तक पूर्ण नहीं की गई है। ग्राम पंचायत सचिवों ने अपना-अपना डीएससी (डोंगल) सामूहिक रूप से एडीओ पंचायत को सौंपा। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव कमल दास, पंकज, आलोक, गौरव कुमार, अरुण कुमार, प्रिंस सैनी, किरण पाल, पंकज कुमार, अनिल कुमार, अनुरोध शामिल रहे।

## धर्मांतरण कराने का आरोप

मुजफ्फरनगर। बघरा योग साधना आश्रम के संचालक स्वामी यशवीर महाराज ने गैर समुदाय के हरसौली निवासी एक व्यक्ति पर हिंदू परिवार की दो बच्चियों का धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया है। कार्रवाई की मांग कर वीडियो वायरल की गई है। पंचायत करने की भी चेतावनी दी है।

स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि शामली जनपद के एक परिवार ने आकर उन्हें बताया कि एक महिला के पति का 5 महीने पहले निधन हो गया। उसके तीन बच्चे हैं। हरसोली गांव का रहने वाला एक व्यक्ति महिला और तीन बच्चों को अपने साथ भगा कर ले गया। सहावली गांव में रहने लगा। वहां दो नाबालिग बच्चियों को किसी मदरसे में ले जाकर धर्मांतरण कराकर कलमा पढाया गया। मदरसे में पढ़ने के लिए भेजने का भी आरोप है। बच्चों के नाम भी उसने हिंदू से बदलकर के मुस्लिम रख दिए। इस हिंदू परिवार की बाबरी थाने में पांच महीने पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट है। संवाद

# अफसरशाही पर किताब लेकर हाजिर हुआ पटवारी

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। खादर का 11 साल पुराना जमीन घोटाला फिर चर्चाओं में आ गया है। 850 बीघा जमीन की बंदरबांट के आरोपी बनाए गए पटवारी जयभगवान ने किताब के जरिये जनप्रतिनिधियों की भूमिका और अफसरशाही पर सवाल खड़े किए हैं।

मेरठ रोड स्थित होटल में पटवारी जयभगवान अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि उनके साथ हुए प्रकरण पर अफसरशाही एक अनसुना सच शीर्षक से पुस्तक लिखी है। तत्कालीन डीएम, एडीएम और अन्य अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए।

सेवानिवृत्त हो चुके पटवारी ने बताया कि किस प्रकार कुछ अधिकारी अरबों रुपये की सरकारी संपत्ति की बंदरबांट करते हैं और किसानों की गन्ने की फसल समेत संसाधनों को लूटा जाता है। जब इस तरह के मामले होते हैं तो फर्जी भू घोटालों की आड़ ली जाती है।

अफसरशाही इतनी हावी है कि अधिकारी अपने निजी लाभ के लिए किसानों सहित ईमानदार कर्मचारियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराते हैं। यह भी दर्शाया है कि जब कोई सरकारी कर्मचारी भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाता है तो उस पर किस तरह झूठे मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं। पुस्तक को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के बड़े अधिकारियों को भेज कर सारे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।



होटल पर अपनी पुस्तक दिखाते पूर्व लेखपाल जयभगवान। स्रोत: स्वयं

